भारत ARIN-AP की संचालन समिति में शामिल हुआ

[स्रोत: द हिंदू](#)

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ED) के प्रतिनिधित्व वाले भारत को **एसेट रिकवरी इंटरएजेंसी नेटवर्क-एशिया पैसिफिक (ARIN-AP)** की संचालन समिति में शामिल किया गया है।

- **भारत वर्ष 2026 से ARIN-AP की अध्यक्षता** करने के साथ इस नेटवर्क की **वार्षिक आम बैठक (AGM) की मेजबानी करेगा।**
- **यह G-20 ढाँचे के** अंतर्गत भारत की प्राथमिकताओं के अनुरूप (विशेष रूप से **भगोड़े आर्थिक अपराधियों से** निपटने और **संपत्ति की वसूली के नौ सूत्री एजेंडे** के संबंध में) है।

नोट: ED **प्रमुख वित्तीय जाँच एजेंसी है जिसे** धन शोधन और **विदेशी मुद्रा लेन-देन के प्रशासन के लिये विधिक ढाँचा** के उल्लंघन के अपराधों की जाँच का दायित्व सौंपा गया है।

- **यह वित्त मंत्रालय** के राजस्व विभाग के अधीन कार्यरत है।

ARIN-AP के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **परिचय:** ARIN-AP **एशिया-प्रशांत क्षेत्र** में व्यक्तियों, कंपनियों और परिसंपत्तियों के बारे में **सूचना का आदान-प्रदान करने से संबंधित** एक **बहु-एजेंसी नेटवर्क है**, जिसका उद्देश्य गैर-कानूनी गतिविधियों से प्राप्त आय का पता लगाने के साथ उसकी **वसूली को सुविधाजनक** बनाना है।
  - **यह ग्लोबल कैमडेन एसेट रिकवरी इंटर-एजेंसी नेटवर्क (CARIN)** का सदस्य है।
- **उद्देश्य:** अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों के ढाँचे के तहत **सभी अपराधों** पर नज़र बनाए रखना।
  - **ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय' (UNODC) और CARIN** जैसे अन्य संबंधित संगठनों के साथ एक ठोस **अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का निर्माण करना।**
  - अपराध से होने वाली आय की निगरानी से संबंधित सभी पहलुओं में **प्रशिक्षण को** सुविधाजनक बनाना और बढ़ावा देना।
  - अपराध से प्राप्त आय पर अंकुश लगाकर **अपराधियों को अवैध लाभ से वंचित करने के क्रम** में सदस्यों के प्रयासों की **प्रभावशीलता को** बढ़ाना।
- **सदस्यता:** इसमें **28 सदस्य प्राधिकार** और **नौ पर्यवेक्षक शामिल हैं** जो संपत्ति का पता लगाने, उसे फ्रीज करने और ज़ब्त करने के क्रम में **सीमा पार सहयोग को** सुविधाजनक बनाते हैं।
- **सचिवालय:** इसके सचिवालय की भूमिका **कोरियाई सर्वोच्च अभियोजक कार्यालय (SPO)** द्वारा संभाली जाती है।

परिसंपत्तियों की वसूली (Asset Recovery)

- परिसंपत्तियों की वसूली का आशय अवैध तरीकों से प्राप्त **धन का पता लगाने, उसे रोकने, ज़ब्त करने और संबंधित हितधारकों को वापस करने** की प्रक्रिया है।
- **वर्ष 2003 में** "भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र अभिसमय" (UNCAC) को अपनाए जाने के बाद पहली बार अवैध तरीकों से प्राप्त की गई संपत्तियों की **वसूली और वापसी को** अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक कानून के मूल सिद्धांत के रूप में स्थापित किया गया।
  - **इससे अंतर्राष्ट्रीय नीति एजेंडे में परिसंपत्ति वसूली को** दृढ़तापूर्वक स्थापित किया गया।

CARIN से संबंधित मुख्य बिंदु क्या हैं?

- **परिचय:** CARIN एक अनौपचारिक नेटवर्क या अंतर-एजेंसी नेटवर्क है जिसका प्रतिनिधित्व प्रत्येक सदस्य राज्य के विधिप्रवर्तन और न्यायिक विशेषज्ञों (जैसे अभियोजक या न्यायाधीश) द्वारा किया जाता है।
- **उद्देश्य:** इससे संपूर्ण **परिसंपत्ति वसूली प्रक्रिया को समर्थन (परिसंपत्ति का पता लगाने से लेकर फ्रीज़िंग, ज़ब्ती, प्रबंधन** और **परिसंपत्ति साझा** करने तक) मिलता है।
- **सचिवालय:** CARIN का स्थायी सचिवालय **हेग के यूरोपोल** मुख्यालय में स्थित है।
- **सदस्यता**: वर्तमान में CARIN के **61 पंजीकृत सदस्य प्राधिकार हैं**, जिनमें **27 यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के साथ 13 अंतर्राष्ट्रीय संगठन** शामिल हैं।
  - यह विश्व भर में स्थित अन्य सात क्षेत्रीय परिसंपत्ति पुनर्प्राप्ति अंतर-एजेंसी नेटवर्क (ARIN) से भी संबंधित है।
- **वित्तपोषण:** इसका वित्तपोषण **यूरोपीय संघ** द्वारा किया जाता है।
- **संरचना और संचार**: सदस्य प्रतिनिधियों को **"राष्ट्रीय संपर्क बिंदु" के रूप में नामित किया गया है** और अंग्रेजी इस नेटवर्क की कार्यकारी भाषा है।
- **कार्यप्रणाली:** संगठन का संचालन **नौ सदस्यों के एक संचालन समूह** के साथ चक्रीय **वार्षिक अध्यक्षता** से होता है।

नोट:

भगोड़ा आर्थिक अपराधी वह व्यक्ति है जिसके विरुद्ध **भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018** में सूचीबद्ध **अपराध करने के लिये गिरफ्तारी वारंट** जारी किया गया है और अपराध का मूल्य **कम-से-कम 100 करोड़ रुपए है।**

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

??????????

प्रश्न: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2019)

1. भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन [यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन अगेंस्ट करप्शन (UNCAC)] का 'भूमि, समुद्र और वायुमार्ग से प्रवासियों की तस्करी के विरुद्ध एक प्रोटोकॉल' होता है।
2. UNCAC अब तक का सबसे पहला विधितः बाध्यकारी सार्वभौम भ्रष्टाचार-निरोधी लिखत है।
3. राष्ट्र-पार संगठित अपराध के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन [यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन अगेंस्ट ट्रांसनैशनल ऑर्गनाइज्ड क्राइम (UNTOC)] की एक विशिष्टता एक ऐसे विशिष्ट अध्याय का समावेशन है, जिसका लक्ष्य संपत्तियों को उनके वैध स्वामियों को लौटाना है, जिनसे वे अवैध तरीके से ले ली गई थीं।
4. मादक द्रव्य और अपराध विषयक संयुक्त राष्ट्र कार्यालय [यूनाइटेड नेशंस ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (UNODC)] संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राज्यों द्वारा UNCACऔर UNTOC दोनों के कार्यान्वयन में सहयोग करने के लिये अधिदेशित है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

उत्तर: (c)